**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 14-08-2006**

**Participants : Yadav Dr. Karan Singh**

an>

Title : Need to include Rajasthan in the list of States being given rehabilitation package due to anti-Sikh riots.

**डॉ. करण सिंह यादव (अलवर)** : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी ने गत वा 1984 के दंगों में प्रभावित सिख परिवारों को मुआवजा व सहायता राशि देने का इस सदन में आश्वासन दिया था। प्रधान मंत्री जी के इस संकल्प की अनुपालना में गृह मंत्रालय के पत्र क्रमांक यू/1318/46/2006 दिल्ली एन.सी. दिनांक 16 जनवरी, 2006 के माध्यम से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उड़ीसा, उत्तरांचल, पंजाब व दिल्ली राज्यों के मुख्य सचिवों को 1984 के दंगों में पीड़ितों को रिहैब्लिटेशन पैकेज स्वीकृत करने के निर्देश दिए थे। आश्चर्य की बात है कि इस सूची में राजस्थान का नहीं जोड़ा गया। दुर्भाग्य से राजस्थान में रह रहे सिख परिवार भी इन दंगों के प्रभाव में आए थे। मेरे संसदीय क्षेत्र अलवर में 150 सिख परिवारों उन दंगों में प्रभावित हुए थे, लेकिन उन्हें आज तक किसी भी प्रकार की कोई सहायता राशि नहीं मिली है। अलवर में राजस्थान शिरोमणि बाबा जीवन सिंह नजरूल सिख विकास समिति, अलवर और सिंह सभा गुरुद्वारा राजगढ़, अलवर ने अपना प्रतिवेदन भेजा है। इसमें उन्होंने बताया है कि अलवर की कोतवाली में एफआईआर दर्ज है और राजगढ़ में भी एक एफआईआर 211/24 में चार्ज शीट दर्ज है। मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थान राज्य को रिहैब्लिटेशन पैकेज दिए जाने वाले राज्यों की सूची में शामिल करें, ताकि वहां के हमारे जो सिख भाई उन दंगों में दुर्भाग्य से प्रभावित रहे थे, उन्हें राहत मिल सके।